# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
## (कार्मिक शाखा)

### कर्मचारियों/परीक्षार्थियों के लिए लिखित परीक्षा संबंधी अनुदेश
### कृपया ध्यान से पढे एवं अनुपालन करें।

यांत्रिक विभाग में आई क्यू कोटा के अन्तर्गत केन्द्रीय विद्यालय/एमसीएफ में दिनांक 29.05.2022 (रविवार), समय प्रातः 10 बजे से होने वाली लिखित परीक्षा में बैठने वाले पात्र कर्मचारियों के लिए निम्नवत दिशा निर्देश जारी किया जाता हैः-

1. पात्र कर्मचारी परीक्षा की निर्धारित समय से 45 मिनट पूर्व परीक्षा स्थल पर पहूँचना सुनिश्चित करें एवं परीक्षा समाप्ति के पश्चात जब तक निर्देशित नहीं किया जाए परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेंगे।
2. पात्र कर्मचारी फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ विद्यालय परिसर में प्रवेश करें।
3. विद्यालय परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मी एवं सुपरवाईजर द्वारा पहचान पत्र मांगे जाने पर दिखायेगें।
4. **परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे घड़ी, ब्लूट्रथ उपकरण, कैल्कुलेटर आदि ले जाना सख्त वर्जित है, पाये जाने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।** कर्मचारी केवल अपने साथ पानी बोतल रख सकते है। परीक्षा हॉल के बाहर आपके निजी सामान रखने हेतु कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा इनके गुम होने के लिए आरेडिका प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा।
5. विद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार का वाहन पार्किंग करना वर्जित है। वाहन को विद्यालय परिसर के बाहर खेल परिसर (गोमती क्रीड़ांगन) में पार्क करेंगे। आपके वाहन से सडक पर कोई जाम न लगे इसका विशेष ध्यान रखेंगे।
6. पर्यवेक्षक द्वारा दिए गए कोई विशेष निर्देश, यदि हो, तो कड़ाई से उनका अनुपालन करें।
7. परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी अतः इसके लिए ब्लू/ब्लेक बॉल पेन अपने साथ रखें।
8. परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर एवं परीक्षा कक्ष में शांतिपूर्ण माहौल बनायें रखेंगे।
9. कर्मचारी के साथ आए हुए मित्रों और रिश्तेदारों को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने की अनुमति नहीं होगी।
10. रफ कार्य के लिए दी गई रफ शीट में भी कर्मचारी को अपना नाम एवं कर्मचारी संख्या उल्लिखित करना होगा। यह रफ शीट परीक्षा के पश्चात वापस करनी होगी ।
11. परीक्षा अवधि के दौरान आपस में बातचीत करते हुये तथा किसी पठन सामग्री के साथ पाये जाने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
12. उपर्युक्त सभी मामलों में आरेडिका प्रशासन का निर्णय अंतिम होगा तथा कर्मचारियों/परीक्षार्थियों को इससे सहमत होना होगा।

**।। आरेडिका प्रशासन की ओर से सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं ।।**

24/05/22

**सहायक कार्मिक अधिकारी**
**कृते महाप्रबंधक/कार्मिक**

**प्रतिलिपिः** (i) वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/सामान्य-यांत्रिक/आरेडिका रायबरेली- पात्र कर्मचारियों के सूचनार्थ।
(ii) संबन्धित कर्मचारी कल्याण निरीक्षक : व्यापक प्रचार प्रसार हेतु।
(iii) समस्त पात्र कर्मचारी।
(iv) समस्त सूचनापट्ट।